# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा पुलिस द्वारा अपरहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के निर्देशन मे एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-167/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त वीरेन्द्र यादव पुत्र रामनरायन यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.वीरेन्द्र यादव पुत्र राम नरायन यादव निवासी सेखुई खुर्द थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 चन्द्रशेखर पाण्डेय थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. का0 अमित वर्मा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
3. म0का0 रंजना कोरी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
4. म0का0 साधना यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस व जनपदीय एंटी थेफ्ट की संयुक्त टीम द्वारा 02 अन्तर्राष्ट्रीय असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया गया।**

**◆अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा 32 बोर, 05 अदद अवैध कारतूस 32 बोर, 02 अदद कारतूस 315 बोर, 01 अदद अवैध बाकी तेज धार वाली, ₹28000/- अवैध शस्त्र बिक्री से प्राप्त नगद , 02 अदद मोबाइल फोन, एक अदद स्कूटी रजि0 नम्बर UP 42BQ1281 बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर व एन्टी थेफ्ट प्रभारी संतोष कुमार सिंह मय टीम के द्वारा दिनांक 25.07.2026 को नासिरगंज कुर्थिया मार्ग पर दनियावर गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1.मनीष कुमार माझी पुत्र स्व0 पन्ना लाल माझी निवासी पौसरा उपरहार थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 2. नीरज माझी पुत्र लटई माझी निवासी पौसरा उपरहार थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को अवैध देशी तमंचा, अवैध कारतूस, अवैध तेज धार बाकी  व एक अदद स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया तथा बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 102/2026 धारा 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.मनीष कुमार माझी पुत्र स्व0 पन्ना लाल माझी निवासी पौसरा उपरहार थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या।

02. नीरज माझी पुत्र लटई माझी निवासी पौसरा उपरहार थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या।

**बरामदगी का विवरणः-**

01. एक अदद अवैध देशी तमंचा 32 बोर।
02. 05 अदद अवैध कारतूस 32 बोर।
03. 02 अदद कारतूस 315 बोर।
04. 01 अदद अवैध बाकी तेज धार वाली।
05. 28000/रुपये अवैध शस्त्र बिक्री हेतु प्राप्त नगद धनराशि।
06. 02 अदद मोबाइल वीवो व ओप्पो कम्पनी।
07. एक अदद स्कूटी रजि0 नम्बर UP 42BQ1281 ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 25.07.2026 को थानाध्यक्ष खेसरहा मय टीम व प्रभारी एन्टीथेफ्ट टीम की संयुक्त टीम द्वारा नासिरगंज कुर्थिया मार्ग पर दनियावर गाव के पास चेकिंग की जा रही थी कि जरिए मुखबिरखास जानकारी मिली कि दो अन्तर्राष्ट्रीय असलहा तस्कर अवैध देशी तमंचा , अवैध कारतूस , अवैध हथियार बाकी व नगदी रुपयों के साथ एक स्कूटी से आ रहे है और नेपाल जाकर उन शस्त्रों को बेचने वाले है। मुखबिरखास की निशानदेही पर अभियुक्तगण 1.मनीष कुमार माझी पुत्र स्व0 पन्ना लाल माझी निवासी पौसरा उपरहार थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 2. नीरज माझी पुत्र लटई माझी निवासी पौसरा उपरहार थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार को किया गया, जिनके पास से जामा तलाशी से एक अदद अवैध देशी तमंचा 32 बोर, एक अदद अवैध देशी तमंचा 32 बोर, 05 अदद अवैध कारतूस 32 बोर, 02 अदद कारतूस 315 बोर, 01 अदद अवैध बाकी तेज धार वाली, 28000/रुपये अवैध शस्त्र बिक्री हेतु प्राप्त नगद धनराशि, 02 अदद मोबाइल वीवो व ओप्पो कम्पनी, एक अदद स्कूटी रजि0 नम्बर UP 42BQ1281 बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 102/2026 धारा 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. हे0का0 राहुल सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
3. का0 सोनदेव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

04.रि0आ0 श्रीप्रकाश थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

5. कां0 चन्दन सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
6. संतोष कुमार सिंह प्रभारी एन्टीथेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

07- हे0का0 इंद्रेश यादव, हे0का0 जनार्दन प्रजापति, हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 धर्मेंद्र कुमार, हे0का0 अमित यादव. का0 अभिनंदन सिंह एन्टीथेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आपरेशन कवच के तहत एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 26.07.2026 को एसएसबी कैम्प ककरहवा पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ऑपरेशन कवच के उद्देश्यो से अवगत कराया गया तथा किसी भी अवैध गतिविधियों इत्यादि के सम्बंध में तुरन्त सूचना देने हेतु बताया गया। मीटिंग के दौरान साइबर अपराध के सम्बन्ध में भी चर्चा करते हुए बचाव के बारे में बताया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय इंस्पेक्टर SSB ककरहवा, निरीक्षक गौरव सिंह ऑपरेशन कवच प्रभारी जनपद सिद्धार्थनगर, HC जितेन्द्र कुमार तिवारी सीमा शुल्क ककरहवा,SI प्रदीप सिंह चौकी इंचार्ज ककरहवा सहित एसएसबी , पुलिस व LIU, के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-घोषवा की बालिकाओ/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26.07.2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थानाक्षेत्र के ग्राम-घोषवा की बालिकाओ/महिलाओं को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

**01.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह**

02.का0 मनीष सिंह

03.रि0म0आ0 काजल अग्रहरि

## प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम इटवाभाट की बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी एवं ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 26.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम इटवाभाट की बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव

02.हे0का0 अविनाश सिंह

03.म0का0 उर्मिला देवी

04.म0का0 शोभा भारती

05.म0आ0 रूबी दुबे

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गौरगढ में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर चौपाल में महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26/07/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम गौरगढ मे मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में जाकर बालिकाओं /महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। ऑपरेशन मजनू के तहत 5 मनचलो का माफीनामा भरवाया गया एवं एक वाहन का चालान करते हुए हिदायत मुनासिब करते हुए माफी नामा भरवा कर छोडा गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 मृत्युनजय मिश्रा

02.का0 प्रमोद यादव

03.म0का0 प्रतिमा दूबे

04.म0रि0का0 शिवानी

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना खेसरहा मिशन टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम कठमोरवा में बालिकाओं व महिलाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम कठमोरवा में महिलाये व बलिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए। उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन, 108-एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098- चाइल्ड हेल्पलाइन102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्य

02. आ0 अरूण कुमार पाण्डेय

03. म0आ0 अंजली यादव

04. म0आ0 संगीता देवी

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सेमरा में महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी तथा ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 26.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम सेमरा में महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई, तथा ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेन्द्र शाही

02.म0आ0 रविता यादव

03.म0आ0 गुंजन कुमारी

04.हो0गा0 गिरीश शर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बनकसिया की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर बहू-बेटी सम्मेलन, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 26.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनकसिया की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर बहू-बेटी सम्मेलन, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, प्रशान्त कुमार प्रसाद जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं, बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे एवं थानाध्यक्ष भवानीगंज विजयशंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 26.07.2026 को थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 93/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्णकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.बिपिन कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम जमौता थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

01.उ0नि0 रामसेवक प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

02.हे0का0 हरेन्द्र यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 रोशन राय थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी मे हुए पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विवाहित जोड़े को सकुशल उनके घर भेजा गया।**

डॉ अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में व अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक कठेला समयमाता के नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा आज दिनांक 26.07.2026 को आवेदिका श्रीमती प्रीति पत्नी राजप्रसाद ग्राम धोबहा टोला पठानडीह थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका व उनके पति के बीच पारिवारिक बातों को लेकर कुछ कहा-सुनी हुआ था जिससे पति पत्नी के मध्य मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों की मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्ते , बच्चों के प्रति दायित्वों व  पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे कि पुनः दोनो (पति-पत्नी) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है विवाहित जोड़े (पति-पत्नी) को सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया।
उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सरहाना की गयी।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-**

01.का0 रमेश मौर्या

02.म0का0 मीरा रानी

03.रि0म0का0 अंजली चौधरी

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना जोगिया उदयपुर पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, प्रशान्त कुमार प्रसाद जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 26.07.2026 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा वाद संख्या 351/2016 धारा 323/504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण -**
श्रीचंद साकिन हरैया थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 अवधेश यादव
02. हे0का0 श्रीनन्द यादव

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के क्रम मे महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा 09 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महोदय विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26.07.2026 महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा 06 परिवारो को एक साथ विदा किया गया। निम्न 09 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय,व काउंसलिंग टीम में म0हे0का0 आशा, म0आ0 प्रियंबदा सिंह, म0आ0 संगीता, म0आ0 शिखा खरवार, म0आ0 प्रगति, म0आ0 शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण-**

01.- दुर्गावती पत्नी हरिश्चंद्र साकिन रखेरहीया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

02.- नीलम पत्नी गोपाल  साकिन जोगिया थाना जोगिया जनपद सिद्धार्थनगर

03.- शाहिदा पत्नी वहीदुल्ला साकिन भरवलिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर

04.- रीमा पत्नी बंसीलाल साकिन नगवा थाना सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर

05.- किरण पत्नी दुर्गेशचंद साकिन सेखुई थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

06.- शशिकला पत्नी अभिमन्यु साकिन मुंडेरवा थाना बस्ती जनपद बस्ती

07.- अंजुम पत्नी सलमान साकिन सुकरौली थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर

08.- मोनी पत्नी मनजीत साकीन महादेव थाना देहात कोतवाली जनपद गोंडा

09.- मदीना खातून पत्नी इसरार अहमद साकिन परशा जफर थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती

## प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया ।**

आज दिनांक 26.07.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना चिल्हिया पुलिस के साथ कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी । इस दौरान राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

## प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया ।**

आज दिनांक 26.07.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी । इस दौरान नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

# प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆गोरखपुर जोन की 74वीं अन्तर जनपदीय हॉकी (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 जो दिनांक 25.07.2026 से पुलिस लाइन परिसर सिद्धार्थनगर में चल रहा है, जिसमें 09 जनपद की पुलिस टीमों ने भाग लिया। आज दिनांक 26.07.2026 को पुरुष वर्ग व महिला वर्ग के विजेता निम्नवत है-**

आज दिनांक 26.07.2026 को गोरखपुर जोन गोरखपुर की 74 वी अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी महिला/ पुरुष प्रतियोगिता- 2026 के अन्तर्गत निम्नलिखित मैच संपन्न हुए-

**पुरुष वर्ग क्वार्टर फाइनल-**
**तीसरा मैच-** जनपद गोण्डा व जनपद कुशीनगर के बीच खेला गया जिसमें जनपद गोण्डा 5-0 से विजेता रही।
जिसमे जनपद गोण्डा से नारद सिंह, शिवान्द, विनय 1st, धरमेन्द्र, व विनय 2nd ने 1-1 गोल किया।
चौथा मैच- जनपद देवरिया व जनपद संतकबीरनगर के बीच खेला गया जिसमें जनपद देवरिया 3- 2 से विजेता रही। जिसमे जनपद देवरिया से अजीत चौबे, दीपक मौर्या व कमरान ने 1-1 गोल किया।

**पुरुष वर्ग सेमीफाइनल-**
**पहला मैच-** जनपद बस्ती व गोंडा के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा पेनल्टी शूटआउट में जनपद बस्ती 4-2 से विजेता रही।
**दुसरा मैच-** जनपद सिद्धार्थनगर व जनपद देवरिया के बीच खेला गया जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर 2-0 से विजेता रही। जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर की ओर से अजीत और संदीप ने 1-1 गोल किया।

**महिला वर्ग सेमीफाइनल-**
**पहला मैच-** जनपद गोण्डा व जनपद बस्ती के बीच खेला गया जिसमें जनपद गोण्डा 1- 0 से विजेता रही। जिसमे गोण्डा से नेहा सिंह ने 1 गोल किया।
**दुसरा मैच-** जनपद कुशीनगर व जनपद देवरिया के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 से बराबर रहा पेनल्टी शूटआउट में जनपद कुशीनगर 2-1 से विजेता रही।

**दिनांक 27.07.2026 को फाइनल मैच**
**पुरुष वर्ग-** जनपद सिद्धार्थनगर व जनपद बस्ती के बीच खेला जाएगा।
**महिला वर्ग-** जनपद गोंडा व जनपद कुशीनगर के बीच खेला जाएगा।

## प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 26.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 26.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा सजनी चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटर साइकिल बरामदकर वाहन स्वामी को किया गया सुपुर्द।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह थाना जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 26.07.2026 को उ0नि0 अवधेश यादव मय हमराह हे0का0 श्रीनन्द यादव द्वारा सजनी चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के काफी देर से खड़ी मिली। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर वाहन की चेचिस संख्या को ई-चालान एप के माध्यम से चेक किया गया। जांच में वाहन संख्या UP55AB0455, स्वामी आकाश पुत्र इन्द्रजीत निवासी गोहर, थाना बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर के नाम पंजीकृत पाया गया।थाना बांसी से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन के सम्बन्ध में दिनांक 11.07.2026 को आवेदक विकाश पुत्र इन्द्रजीत द्वारा ऑनलाइन शिकायत संख्या 20260000698686 पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी के पिता इन्द्रजीत व विकाश को थाना जोगिया उदयपुर पर बुलाकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरान्त उक्त बरामद मोटर साइकिल सुपुर्द की गई। इस सराहनीय कार्य के लिये वाहन स्वामी द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।